दिनांक 25.11.2020

स्वच्छ एवं सुदर भिलाई

कुरूद क्षेत्र में 81 लाख की लागत से होंगे विकास कार्य , महापौर एवं भिलाई नगर विधायक श्री देवेंद्र यादव ने किया भूमिपूजन

भिलाईनगर। नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र के वार्ड 16 कुरूद में विकास कार्यों के लिए आज महापौर एवं विधायक श्री देवेन्द्र यादव ने वार्ड पार्षद सुशीला देवांगन एवं क्षेत्र के नागरिकों की उपस्थिति में भूमिपूजन किया। कुरूद के वार्ड में बोर खनन एवं सड़कों का सीमेंटीकरण कार्य किए जाएंगे। वृहद स्तर पर विकास कार्यों की सौगात मिलने से वार्ड के नागरिकों ने महापौर श्री यादव का बाजे-गाजे के साथ स्वागत किया और आवागमन के सहुलियत के लिए सीसी रोड बनाए जाने को लेकर आभार व्यक्त किए। इस दौरान महापौर श्री यादव ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रत्येक वार्ड में विकास कार्य किए जा रहे हैं! वार्ड के नागरिकों को उन्होंने भरोसा दिलाया कि कुरूद क्षेत्र में मूलभूत सुविधाओं के विस्तार के लिए और कार्य किए जाएंगे! भिलाई निगम क्षेत्र के जोन 02 अंतर्गत वार्ड 16 कुरूद में 81 लाख की लागत से विकास कार्यों की शुरूआत करने महापौर श्री देवेन्द्र यादव ने भूमिपूजन किया और निगम प्रशासन द्वारा जनहित के लिए किये जा रहे कार्यों की जानकारी दी। महापौर की उपस्थिति में हुए भूमिपूजन के तहत वार्ड के विभिन्न सड़कों पर सीसी रोड बनाया जाएगा , इससे लोगों को आवागमन की सहुलियत होने के साथ ही सड़को पर गड्ढो से निजात तथा बारिश के सीजन में कीचड़ से होने वाली परेशानियों से भी राहत मिलेगी।

जनसम्पर्क अधिकारी